

# लोकतंत्र और संविधान बचाने कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

## मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन निरस्तीकरण के विरोध में कांग्रेस ने किया उपवास कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 जून। मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन निरस्तीकरण के विरोध, लोकतंत्र, संविधान और जनाधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने स्थित वीथिका भवन में एक दिवसीय शांतिपूर्ण उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



कांग्रेस के उपवास कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात बताते हुए निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने की मांग की। उपवास कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के सम्मान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता बनाए रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि देश का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय की गारंटी देता है इसलिए इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर किसी भी प्रकार का आघात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

### भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर सीट चोरी कर रही है : ज्ञान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि भाजपा अब केवल वोट चोरी तक सीमित नहीं रही बल्कि लोकतंत्र की हत्या कर सीधे सीट चोरी करने पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा को यह महसूस हुआ कि जनता का समर्थन प्राप्त किए बिना राजनीतिक सफलता हासिल करना कठिन है तब उसने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास शुरू कर दिया। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना इसी मानसिकता का परिणाम है।

### कार्यक्रम में इनकी रही विशेष उपस्थिति

उपवास कार्यक्रम में विनोद मिश्रा, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, नवीन सिंह, भूपेन्द्र सिंह, दिलीप सितानी, रजनीश श्रीवास्तव, अशोक कोरी, गोविंद गुप्ता, मेनका सिंह, शीला साकेत, गौरी साकेत, सुशीला साकेत, रनशेर अली, बिष्णु सिंह, नागेश्वर साकेत, विक्रांत परिहार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में सीधी की नई उपलब्धि, विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान

## शैक्षिक गुणवत्ता सुधार की दिशा में सीधी जिले की उल्लेखनीय सफलता

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 जून। शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के क्षेत्र में सीधी जिले ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। लर्निंग इनहैंसमेंट प्रोग्राम अंतर्गत आयोजित अधिगम संवर्धन कार्यक्रम के बेसलाइन मूल्यांकन में जिले के दो विद्यार्थियों ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। वहीं मझौली विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डांगा ने भी प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी विशेष पहचान बनाई है।**



कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों के बेसलाइन मूल्यांकन, शिक्षकों के एआई आधारित प्रशिक्षण, विद्यार्थियों के शैक्षणिक सशक्तीकरण तथा ऑनलाइन माध्यम से एंडलाइन मूल्यांकन जैसी विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। इन प्रयासों के परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों की आधारभूत एवं विषयगत दक्षताओं में सुधार, अधिगम के प्रति रुचि तथा छात्र सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। 29 अक्टूबर 2025 को आयोजित बेसलाइन मूल्यांकन के आधार पर राज्य स्तरीय टॉपर्स का चयन किया गया। इसमें शासकीय हाईस्कूल कुनझुनकला की कक्षा 10वीं की छात्रा सेजल साहू तथा शा. कन्या उच्च.माध्य.विद्यालय हिनौती की कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय की छात्रा काजल जायसवाल ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कक्षा 11वीं कला संकाय श्रेणी में पूरे प्रदेश में शाउमावि डांगा को श्रेष्ठ विद्यालय के रूप में चयनित किया गया, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि समर्पण, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। डीईओ पी.के.सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सहायक संचालक एवं समग्र शिक्षा के एडीपीसी ओशो उत्सव ने डांगा विद्यालय के प्रदेश के श्रेष्ठ विद्यालय के रूप में चयनित होने पर विद्यालय परिवार तथा पूरी टीम को बधाई दी।

# कर अपवंचन की रोकथाम के लिए नागरिक सूचना डैशबोर्ड

**सीधी 10 जून।** मध्यप्रदेश शासन के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा कर अपवंचन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा कर प्रशासन में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नागरिक सूचना डैशबोर्ड प्रारंभ किया गया है। इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक संदिग्ध करदाताओं, अपंजीकृत व्यवसायों, फर्जी बिलिंग, कर चोरी, संदिग्ध गोदामों तथा परिवहित माल से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं सीधे वाणिज्यिक कर विभाग को उपलब्ध करा सकेंगे। विभाग द्वारा प्राप्त सूचनाओं का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक जांच एवं कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सूचना प्रदान करने वाले नागरिक की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। इससे नागरिक निर्भीक होकर कर अपवंचन से संबंधित सूचनाएं साझा कर सकेंगे तथा राजस्व संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर मोबाइल ओटीपी आधारित पंजीयन के माध्यम से अपनी सूचना दर्ज कर सकते हैं।

# दो-बच्चों की शर्त समाप्त करने का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 जून। म.प्र. शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि म.प्र. शिक्षक संघ के प्रातांध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर के अथक प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा शासकीय सेवाओं में नियुक्ति एवं सेवा संबंधी नियमों में लागू दो-बच्चों की अधिकतम सीमा संबंधी प्रस्तावित प्रावधान को निरस्त किए जाने के निर्णय लिया गया।**



जिसका म.प्र. शिक्षक संघ सीधी स्वागत किया है। संघ ने इसे कर्मचारी हित में लिया गया संवेदनशील एवं दूरदर्शी निर्णय बताया है। म.प्र. शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ.राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्तावित म.प्र. सिविल सेवा नियमों में दो से अधिक जीवित संतान होने पर शासकीय सेवा के लिए अपात्र माने जाने संबंधी प्रावधान हटाने तथा संबंधित प्रारूप को तत्काल निरस्त करने के निर्देश देना कर्मचारियों एवं युवाओं के हित में महत्वपूर्ण कदम है।

जिला सचिव रामजी शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी तथा संपूर्ण कार्यकारिणी जिला सीधी ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं प्रांताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है।

# व्यंग्य रचना वैष्णव की फिसलन का मंचन आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 जून। एक्सट्रीम आर्ट एंड एजुकेशनल सोसायटी सीधी के तत्वाधान में 11 जून गुरुवार को सायं 7 बजे रोली मेमोरियल सभागार सीधी में हरिशंकर परसाई की प्रसिद्ध व्यंग्य रचना वैष्णव की फिसलन का मंचन किया जाएगा।**

इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी द्वारा प्रस्तुत इस एकल नाट्य प्रस्तुति में युवा रंगकर्मी सजल मिश्र अभिनय करेंगे। नाटक भारतीय समाज में व्याप्त धार्मिक आडंबर, नैतिक दोहरेपन और मानवीय कमजोरियों पर तीखा व्यंग्य करता है। परसाई की यह कालजयी रचना हास्य और व्यंग्य के माध्यम से दर्शकों को समाज की विसंगतियों पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है। नीरज कुंदेर प्रस्तुति संयोजक की भूमिका निभा रहे हैं। आयोजकों के अनुसार यह प्रस्तुति एकल अभिनय, संगीत, प्रकाश और व्यंग्य के प्रभावी समन्वय के माध्यम से दर्शकों को एक विशिष्ट रंगानुभव प्रदान करेगी। नाटक का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं बल्कि दर्शकों को आत्ममंथन और सामाजिक सरोकारों पर चिंतन के लिए प्रेरित करना भी है। आयोजन समिति ने जिले के साहित्य, संस्कृति, कला एवं रंगमंच प्रेमियों से अपील की है कि वे 11 जून को सायं 7 बजे रोली मेमोरियल सभागार सीधी में उपस्थित होकर इस विशेष नाट्य प्रस्तुति का आनंद लें।

# युवा कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 जून। युवा कांग्रेस जिला सीधी के जिलाध्यक्ष करूण सिंह के नेतृत्व में आज कलेक्ट्रेट चौक में सुश्री मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया।**



इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या बताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह की विशिष्ट उपस्थिति रही। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्यसभा नामांकन निरस्त किए जाने की कार्रवाई लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के फैसले लोकतंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं। युवा कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष समीक्षा कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की गरिमा को बनाए रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगामी दिनों में और व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### दो दिवसीय शिक्षक प्रेरणा प्रशिक्षण का शुभारंभ



**सीधी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार विकासखंड कुसमी में दो दिवसीय शिक्षक प्रेरणा प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कुसमी जमुनी देवी एवं सीईओ जनपद पंचायत कुसमी ज्ञानेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे। बीआरसीसी कुसमी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक दक्षता संवर्धन तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालय विकास एवं प्रबंधन, प्रभावी शिक्षण कौशल, टीचिंग-लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) एवं प्रयोगशालाओं के शैक्षणिक उपयोग, शिक्षा में नवाचार तथा विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में सुधार संबंधी विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही नेतृत्व क्षमता एवं टीमवर्क, समावेशी शिक्षा, शिक्षक दक्षता संवर्धन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न आयामों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मिशन अंकुर की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को निपुण बनाने संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए मास्टर वॉलंटियर प्रशिक्षित



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज को नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार सीधी में नशा मुक्ति जनजागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में बाल्मी प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल की टीम द्वारा संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जनजागरूकता विकसित करना तथा प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का ऐसा समूह तैयार करना था जो अपने-अपने क्षेत्रों में नशा मुक्ति का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचा सके। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं से जुड़े लगभग 150 प्रतिभागियों को मास्टर वॉलंटियर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश जिला न्यायालय सीधी प्रशांत मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण केवल शासकीय प्रयासों से संभव नहीं है, इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जागरूकता फैलानी होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ .अनूप मिश्रा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार की खुशहाली और समाज की प्रगति के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बाल्मी प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को नशा मुक्ति विषयक विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग धनंजय मिश्रा के द्वारा किया गया।

# बारिश में भींगा सरकारी गेहूं, परिवहन व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 जून। जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेंहू के परिवहन व भंडारण व्यवस्था में लापरवाही का एक मामला सामने आया है, जिसने सरकारी अनाज की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।**



बुधवार दोपहर लगभग 3:26 बजे मिनी ट्रक क्र. एमपी 53 जीए 6474 में गेंहू लोड कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में लदे गेंहू को बारिश से बचाने के लिए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए थे और वाहन पर तिरपाल भी नहीं लगी हुई थी। उक्त ट्रक सीधी की ओर से बढ़ौरा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान शहर के समीपी सोनवर्षा टोल प्लाजा के पास अचानक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण ट्रक में लदा बड़ी मात्रा में गेहूं भीग गया। बताया जाता है कि गेंहू पूरी तरह खुले में लोड था जिसके चलते बारिश का पानी सीधे अनाज पर गिरता रहा। ऐसे में अनाज की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों ने जब वाहन चालक से बात कर यह जानने का प्रयास किया कि बिना तिरपाल लगाए गेंहू का परिवहन क्यों किया जा रहा है तब चालक ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और वाहन लेकर आगे बढ़ गया।



# वृद्धाश्रम में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, वरिष्ठजनों को मिली चिकित्सकीय सेवाएं

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 जून। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कैलाश स्वर्ण वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं बेहतर देखभाल के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।**

शिविर में वृद्धाश्रम में निवासरत सभी वरिष्ठजनों का बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किए गए तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत वृद्धजनों को स्वल्पाहार भी प्रदान किया गया। चिकित्सकों ने वरिष्ठजनों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार एवं सक्रिय दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने आमजन से अपील की है कि ऐसे वरिष्ठजन जो असहाय हैं, जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है अथवा जिनके परिजन उनकी उचित देखभाल करने में सक्षम नहीं हैं, वे कैलाश स्वर्ण वृद्धाश्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। वृद्धाश्रम में स्वच्छ एवं सुरक्षित परिसर, व्यवस्थित आवासीय कक्ष, पौष्टिक भोजन, नियमित चाय-नाश्ता तथा मनोरंजन एवं आध्यात्मिक गतिविधियों की व्यवस्था की गई है। वरिष्ठजनों के लिए प्रतिदिन भजन, संगीत, पूजा-अर्चना, आरती एवं टेलीविजन के माध्यम से सत्संग एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रशासन के सहयोग से भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

# डीसीए सीधी अंडर-19 टीम वनडे श्रृंखला खेलने इंदौर रवाना



नवभारत न्यूज

**सीधी 10 जून। जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) सीधी की अंडर-19 क्रिकेट टीम आज इंदौर के लिए रवाना हुई। टीम इंदौर के प्रतिष्ठित अकादमी के साथ तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला खेलेगी।**

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का अनुभव प्रदान करना तथा जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। डीसीए सीधी द्वारा निरंतर खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयोजित यह दौरा युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा निखारने और बड़े मंच पर प्रदर्शन करने का सुनहरा अवसर साबित होगा। पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि खिलाड़ी अनुशासित एवं उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। यह दौरा न केवल खिलाड़ियों के क्रिकेट कौशल को विकसित करेगा बल्कि भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए भी उन्हें तैयार करेगा। डीसीए सीधी का यह प्रयास जिले में क्रिकेट के विकास और नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# आईटीआई प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 30 जून

**सीधी 10 जून।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सीधी ने जानकारी दी है कि जिले की सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसायों (ट्रेडों) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून 2026 तक अपना पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर जाकर प्रवेश सेक्शन में उपलब्ध जानकारी के अनुसार पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

# सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण का गौरवशाली कार्यकाल : रीती

## भाजपा ने 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया सुंदरकांड का पाठ


नवभारत न्यूज

**सीधी 10 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय गणेश मंदिर में सुंदरकांड का पाठ सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।**



सुंदरकांड, गणेश वंदना, आरती के सामूहिक पाठ के पश्चात सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहे। इन 12 वर्षों के ऐतिहासिक और भव्य कालखंड में भारत विश्व मानचित्र पर अद्भुत स्थान बनाया है। पीएम के रूप में मोदी जी के 4399 दिन ऐतिहासिक और गौरवान्वित करने वाले हैं। ईश्वर से हम सभी प्रार्थना करते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अच्छा स्वास्थ्य, सुखी एवं निरोगी काया प्रदान करें जिससे वे हम सभी का निरंतर मार्गदर्शन करते रहे और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के संकल्प को पूर्ण करें। श्रीमती पाठक ने कहा कि सांसद के रूप मे मुझे 10 वर्षों तक उनका सानिध्य प्राप्त हुआ है। मैंने उन्हें नजदीक से देखा है। वह सचमुच महान आत्मा और अद्भुत व्यक्तित्व के धनी है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन 2047 विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को, ईश्वर पूर्ण करने की उन्हें सामर्थ प्रदान करें। इस हेतु आज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठान सुंदरकांड, आरती, गणेश वंदना व अन्य प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। मोदी जी का कार्यकाल ऐतिहासिक अविस्मरणी एवं अद्भुत है, जो चीज सपने लगती थी उन सपनों को पूर्ण करके मोदी जी ने नया इतिहास रचा है। इस अवसर पर इंद्र शरण सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह मुन्नू, डॉ.देवेंद्र त्रिपाठी, सहित सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



CMYK